खाटूवाले जल्दी आजा | by Ashish Agarwal

खाटूवाले जल्दी आजा दु:ख हमसे देखा नहीं जाता
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता
खाटूवाले जल्दी आजा ....

खुद में मुझको बसा ले बाबा दु:ख भी कभी ना पास आये
हँसते हँसते अपना बना ले होना गर हम तेरे चाहें
तेरी याद में बाबा हर पल मेरा दिल तो तड़पा जाता
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता

लीला तुम्हारी सबसे अलग उपकार तुमने सब पे किया
जान लिया किस्मत में मेरी तेरे सिवा है कुछ ना लिखा
साथ तेरे बिन ओ बाबा दिल मेरा पल पल घबराता
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता

इस काबिल हमें बना दो बाबा काम किसी के आ जाएँ
जिस राह पर भी चला दो बाबा आँख मीच कर चलते जाएँ
कहता है आशीष जगत में हारों को बस तू ही जिताता
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता
खाटूवाले जल्दी आजा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-ashish-agarwal/